सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 357 | इंदौर, मंगलवार 14 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में लगभग 40 हज़ार करोड़ के निवेश हुए प्राप्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 28 हज़ार 200 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी योजनाएँ धरातल पर हुई साकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में 51 प्रमुख गतिविधियाँ संपन्न हुई इन गतिविधियों से लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश और 34 हजार से अधिक रोजगार अवसरों का मार्ग प्रशस्त हुआ है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 की यात्रा में राज्य सरकार ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। पिछले 2 टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश को 46 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के बाद से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। इस अवधि में 22 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकर्पण और 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है, जो राज्य सरकार की कार्य गति और आत्मविश्वास का परिचायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे।



28 हजार 200 करोड़ से अधिक की विदेशी निवेश परियोजनाएँ धरातल पर साकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में विदेशी निवेश अब केवल एमओयू तक सीमित नहीं रहकर धरातल पर साकार हो रहा है। स्पेन, कनाडा, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और इंडो-जर्मन सहयोग सहित 8 देशों की 10 प्रमुख कंपनियों की 28 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाएँ प्रदेश में ग्राउंडब्रेकिंग चरण में हैं। इनमें स्पेन की सबमर इंडिया प्रा.लि. द्वारा भोपाल में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये (यूएसडी 2 बिलियन डॉलर) के एआई-रेडी डेटा सेंटर की स्थापना, कनाडा की मैक्केन फूड की 3,800 करोड़ रुपये की फूड प्रोसेसिंग इकाई, यूनाइटेड किंगडम की हेलियन (जीएसके) की 3 हजार करोड़ रुपये की फार्मास्यूटिकल्स परियोजना, जापान की टोपान स्पेशियलिटी फिल्म्स की 1,100 करोड़ रुपये की स्पेशियलिटी फिल्म्स इकाई शामिल है। एक हजार करोड़ रूपये से ज्यादा लागत वाली इन परियोजनाओं के साथ अमेरिका ट्रूयर स्पिलट वाटर्स की रिन्यूएबल्स एनर्जी की 500 करोड़ रुपये की नवकरणीय ऊर्जा परियोजना, दक्षिण कोरिया की बू यंग स्कीकॉर्प की 225 करोड़ रुपये की लेदर एवं फुटवियर इकाई और एफीबार की 207 करोड़ रुपये का मेडिकल डिवाइस पार्क, आयरलैंड की फेलिक्स जेनेरिक्स की 134 करोड़ रुपये की फार्मास्यूटिकल्स इकाई, यूनाइटेड किंगडम की क्लिनीसप्लाइज की 127 करोड़ रुपये की मेडिकल डिवाइस पार्क और इंडो-जर्मन सहयोग से टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा.लि. की 126 करोड़ रुपये की टेक्सटाइल इकाई के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इन निवेश परियोजनाओं से प्रदेश में औद्योगिक विकास, डिजिटल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा रोजगार सृजन को नई गति मिल रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी क्षमता, योग्यता और बुद्धिमत्ता के आधार पर विश्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत का गौरवशाली अतीत पूरी दुनिया के सामने है और पिछले 12 वर्षों में भारत ने विश्व के सबसे तेज गति से विकसित होने वाले देशों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में दुनिया को नई दिशा दे रहा है और इस विकास यात्रा में मध्यप्रदेश भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कृषि, खनिज और वनों की पारंपरिक पहचान से आगे बढ़ते हुए प्रदेश आज डिफेंस, ड्रोन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से लेकर फ्यूचर ग्रोइंग सेक्टर तक तेजी से प्रगति कर रहा है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश की इसी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार एआई, डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर सहित सभी छोटे एवं बड़े उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी उद्योग समूहों को समान रूप से हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश साइंस सिटी, एआई, डीप टेक पार्क और डेटा सेंटर सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार एआई सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल है।यहाँ व्यक्ति अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर सकता है। मध्यप्रदेश की पहचान भारत रत्न से सम्मानित स्व॰ अटल बिहारी वाजपेयी से भी जुड़ी है, जिन्होंने देश के गौरवशाली अतीत से विश्व को परिचित कराया और संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रभाषा हिंदी में अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हिंदी में विश्व को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ आगे बढ़ते हुए मध्यप्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और सबसे युवा देश है। देश में प्रगति की असीम संभावनाएं हैं और राज्य सरकार युवाओं की योग्यता एवं क्षमता का पूरा उपयोग सुनिश्चित करते हुए उन्हें पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्पेन का सबमर ग्रुप मध्यप्रदेश में 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 19,000 करोड़ रुपये) के निवेश से एआई-रेडी डेटा सेंटर स्थापित करेगा। सबमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ श्री पैट्रिक स्मेल्ट्स ने एमपी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारत और वैश्विक उद्योगों के बीच रणनीतिक साझेदारी का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव केवल निवेश आकर्षित करने का मंच नहीं, बल्कि राज्य सरकार की दीर्घकालिक विकास संबंधी दूरदर्शी सोच का भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जुलाई 2025 में स्पेन के बार्सिलोना में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हुई सकारात्मक चर्चाओं और निवेश समझौतों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर और आईटी क्षेत्र में निवेश निरंतर बढ़ रहा है।

# संतोष दुबे ने चंपत राय के खिलाफ एसआईटी को सौंपे सबूत

## 75 पन्नों में धांधली का पूरा ब्योरा



**अयोध्या, (एजेंसी)** अयोध्या राम मंदिर दान चोरी के मामले में संजय सिंह के बाद अब धर्मसेना प्रमुख संतोष दुबे ने चंपत राय के खिलाफ एसआईटी को धांधली से जुड़े सबूत सौंपे हैं। 75 से अधिक पन्नों के दस्तावेज और कथित साक्ष्य एसआईटी को सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी के माध्यम से सौंपे गए। रविवार रात एसआईटी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संतोष दुबे से पूछताछ करके सोमवार दोपहर तक साक्ष्य जमा कराने को कहा था। दुबे ने बताया कि उन्होंने आठ प्रमुख बिंदुओं पर दस्तावेजी साक्ष्य और विभिन्न लोगों के सार्वजनिक बयान जांच में शामिल करने का अनुरोध किया है। कई यूट्यूब चैनलों, मीडिया प्लेटफॉर्म पर संबंधित लोगों के दिए बयानों की भी जांच होनी चाहिए।

### चंपत राय द्वारा खरीदी जमीनें, मूर्तियां गायब करने का रिकार्ड

साक्ष्य सौंपने के बाद संतोष दुबे ने मीडिया को बताया कि एसआईटी को सीओ के माध्यम से सारे कागजात दे दिए हैं। उनका आरोप है कि इन साक्ष्य में चंपत राय द्वारा खरीदी जमीनें, मूर्तियां गायब करने का रिकार्ड भी है। एसआईटी ने सीओ सिटी के माध्यम से सोमवार दोपहर तक कागज सौंपने को कहा था। एसआईटी की जांच को लेकर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है, कुछ अच्छा होने वाला है। चोर जेल जाने वाले हैं।

### कोर्ट के जरिए चंपत राय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगे

चढ़ावा चोरी प्रकरण में उनकी तहरीर पर कार्रवाई न होने के सवाल पर बताया कि अब तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। तहरीर की कॉपी एसआईटी को भी दी है। तहरीर पर फिर रिमाइन्डर भेजेंगे। इसके बाद कोर्ट के जरिए एफआईआर दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की एफआईआर उसी दिन छोटे चोरों के खिलाफ हो गई। मगर बड़ों पर आंच नहीं आई। उन्होंने आरोप लगाया कि एफआईआर चंपत ने खुद को बचा कर कराई है। मगर वह बच नहीं सकते हैं। हम प्रथम शिकायतकर्ता हैं। अभी बहुत जगह जाना है। कार्रवाई हुई तो काम पूरा हो गया। रविवार वार्ता के बाद एसआईटी के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा काम अच्छा लग रहा है, इसलिए लग रहा है, कार्रवाई होगी।

बांग्लादेश में बाढ़ से तबाही

# रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में भूस्खलन, 54 की मौत... 10 लाख से ज्यादा लोग फंसे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 54 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है. अधिकारियों का कहना है कि इस प्राकृतिक आपदा से तटीय जिला कॉक्स बाजार सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां पिछले हफ्ते रोहिंग्या शरणार्थी कैंपों में भूस्खलन से बच्चों समेत कई लोगों की मौत हो गई थी. बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन मंत्रालय ने सोमवार 13 जुलाई को दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में लगातार आ रही भारी बाढ़ और विनाशकारी भूस्खलन के कारण कम से कम 54 लोगों की मौत होने की आधिकारिक पुष्टि की है. इस प्राकृतिक आपदा ने पूरे क्षेत्र में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है और कई समुदायों का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है. उन्होंने बताया कि बाढ़ से कई क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, लेकिन तटीय जिला कॉक्स बाजार सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां पिछले सप्ताह मूसलाधार बारिश के बाद हुए भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है. रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों में मिट्टी धंसने की वजह से बच्चों समेत कई लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई है.

# जेल रोड पर जर्जर मकान ढहाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बारिश के मौसम में हादसों की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने शहर में जर्जर भवनों को हटाने का अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को निगम की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए एक जर्जर मकान को ध्वस्त किया, जबकि एक अन्य भवन की खतरनाक गैलरी हटाने के लिए मकान मालिक को दो दिन का समय दिया गया। साथ ही निगम के पुराने क्वार्टरों को हटाने की कार्रवाई भी की गई।

नगर निगम की टीम जोन क्रमांक-3 में जेल रोड पहुंची, जहां लंबे समय से जर्जर हो चुके एक मकान को मशीनों की मदद से गिराया गया। भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहरभर में जर्जर भवनों का सर्वे कर कार्रवाई की जा रही है। जेल रोड स्थित मकान के पास मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान होने वाले कंपन (वाइब्रेशन) से मकान की गैलरी हिलने लगी थी, जिससे उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई थी। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए भवन को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान पास स्थित विनोदिनी अग्रवाल के मकान की गैलरी भी जर्जर पाई गई। चूंकि भवन स्वामिनी मौके पर मौजूद नहीं थीं, इसलिए नगर निगम ने उन्हें गैलरी हटाने के लिए दो दिन का समय दिया है। निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर निगम स्वयं गैलरी हटाने की कार्रवाई करेगा। नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके मकान का कोई हिस्सा जर्जर हो गया है तो उसे तत्काल हटवाएं, ताकि बारिश के दौरान किसी तरह की दुर्घटना न हो।

यहां से कार्रवाई करने के बाद नगर निगम की टीम ने कुमार मोहल्ला में रिमूवल की कार्रवाई की। यहां पर नगर निगम के काफी पुराने नगर निगम के क्वार्टर बने हुए हैं। ये काफी पुराने हो गए थे। जिन्हें हटाने की कार्रवाई की गई। इसके पहले निगम कर्मचारियों ने यहां से सामान भी हटाया। जिसके बाद यहां बने क्वाटरों को हटाने की कार्रवाई की गई।




‘वेलकम टू द जंगल’ अभियान

# पातालपानी-जाम गेट पर पर्यटकों को सुरक्षा का पाठ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मानसून के दौरान प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या को देखते हुए माय एफएम और इंदौर ग्रामीण पुलिस ने संयुक्त रूप से ‘Welcome to the Jungle’ जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य पर्यटकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और प्राकृतिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है।**



इस विशेष अभियान का नेतृत्व माय एफएम की आरजे साक्षी ने किया। अभियान में इंदौर के करीब 20 प्रमुख कंटेंट क्रिएटर्स भी शामिल हुए। टीम ने जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पातालपानी और जाम गेट पहुंचकर पर्यटकों को सुरक्षित पर्यटन से जुड़े जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अभियान के दौरान इंदौर ग्रामीण पुलिस ने बताया कि मानसून सीजन में पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की कि वे निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करें और प्रतिबंधित या जोखिम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। रेस्क्यू टीम ने भी पर्यटकों को आपात स्थिति में बचाव कार्यों की प्रक्रिया और स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीकों की जानकारी दी। पर्यटकों को सही दिशा-निर्देश और सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए माय एफएम और इंदौर ग्रामीण पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। इन बोर्डों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित मार्ग, सावधानियां और आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी जा रही है। अभियान के माध्यम से पर्यटकों को संदेश दिया गया कि वे प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद जरूर लें, लेकिन सुरक्षा नियमों की अनदेखी न करें। आयोजकों ने अपील की कि पर्यटक निर्धारित सीमाओं का पालन करें, खतरनाक स्थानों पर सेल्फी या एडवेंचर से बचें और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें।

गबन का केस वापस लेने का दबाव

# होटल के बाहर बुलाकर इलेक्ट्रीशियन को दी जान से मारने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में गबन के मामले में शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक इलेक्ट्रीशियन को होटल के बाहर बुलाकर आरोपी ने गाली-गलौज की, हाथापाई की और शिकायत वापस नहीं लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक खिजराबाद कॉलोनी निवासी आरिफ उद्दीन ने शिकायत दर्ज कराई है कि मोहम्मद तबरेज खान ने उसे मैसेज भेजकर स्कीम नंबर-134 स्थित जेएमसी होटल के पास मिलने के लिए बुलाया। आरिफ अपने साथी समीर के साथ वहां पहुंचे। आरिफ का आरोप है कि मुलाकात के दौरान तबरेज खान ने उससे कहा कि उसने खजराना थाने में गबन की जो शिकायत की है, उसे वापस ले ले अन्यथा अंजाम ठीक नहीं होगा। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और हाथापाई भी की। घटना के बाद आरिफ अपने साथियों के साथ खजराना थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि करीब छह माह पहले उसने अपने सात साथियों के साथ मिलकर मोहम्मद तबरेज खान और उसकी पत्नी फिरदोस के खिलाफ लाखों रुपए के गबन का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में दोनों आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। आरिफ का आरोप है कि गबन प्रकरण में शिकायतकर्ताओं पर लगातार समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर महाआंदोलन

### आज कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च निकालेंगे स्टूडेंट्स, सीजेपी पार्टी के सदस्य होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर स्टूडेंट्स धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अब ये आंदोलन बड़ा रूप लेना जा रहा है। 14 जुलाई यानी मंगलवार को स्टूडेंट्स सड़कों पर उतरेंगे और पैदल मार्च निकालकर कलेक्टर ऑफिस जाएंगे जहां वे प्रदर्शन करेंगे। इधर, इस धरना प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी का समर्थन भी मिला है। उनके कुछ सदस्य इस महाआंदोलन में शामिल होने के लिए दिल्ली से इंदौर आएंगे और महाआंदोलन में शामिल होंगे। वहीं सीजेपी पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके के आने की भी पूरी संभावना है। इस बात की पुष्टि धरना प्रदर्शन करने वाले पवन अहिरवार, अरुण बड़ोले ने की है। बता दें कि पिछले कई दिनों से स्टूडेंट्स इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टूडेंट्स की 23 सूत्रीय मांगे हैं।

टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के धरना प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी का भी समर्थन मिल चुका है। अब स्टूडेंट्स द्वारा इस प्रदर्शन का बड़ा रूप दिया जा रहा है और महाआंदोलन के रूप में मंगलवार को प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स से पार्टी से प्रमुख अभिजीत दीपके ने वीडियो कॉल से बात की थी और स्टूडेंट्स के हालचाल भी जाने थे और मंगलवार को महाआंदोलन में शामिल होने की संभावना जताई थी।

पवन अहिरवार, अरुण बडोले ने बताया कि फिलहाल पार्टी के दो प्रमुख मेंबर आशुतोष रांका और दीपक बेलियान तो दिल्ली से इंदौर महाआंदोलन में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। वहीं पार्टी प्रमुख अभिजीत दीपके के आने की भी प्रबल संभावना है।

पवन ने बताया कि सुबह 11 बजे टंट्याभील चौराहे पर एकत्रित होंगे और यहां से पैदल मार्च निकाला जाएगा। टंट्याभील चौराहे से टॉवर चौराहे होते हुए पैदल मार्च पल्सीकर चौराहे से होते हुए कलेक्टर ऑफिस तक पहुंचेगा। जहां 23 सूत्रीय मांगों को रखा जाएगा।

# कांग्रेस की सायकल रैली के लिए छात्रों को दो हजार का ऑफर

● प्रवक्ता ने की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से भोपाल तक मंगलवार को निकलने वाली कांग्रेस की साइकिल रैली को लेकर भाजपा ने छात्रों को प्रलोभन देने के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस से भाजपा में हाल ही में शामिल हुए प्रवक्ता राकेश सिंह यादव ने कहा कि इंदौर के छात्रावासों में कांग्रेस के नेता जा रहे हैं और साइकिल रैली में शामिल होने के लिए दो-दो हजार रुपये का प्रलोभन दे रहे हैं। जो छात्र जाना नहीं चाहते, उन पर दबाव भी बनाया जा रहा है।**

यादव ने इस मामले में पुलिस थाने में शिकायत की है, जिसमें कहा गया है कि विभिन्न छात्रों की ओर से ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि कुछ शासकीय एवं निजी छात्रावासों तथा कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें साइकिल रैली (साइक्लोथॉन) में शामिल होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि इन शिकायतों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ शिकायतों में यह भी कहा गया है कि विद्यार्थियों को आर्थिक प्रलोभन देने तथा उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। कुछ व्यक्तियों द्वारा छात्रावासों में जाकर विद्यार्थियों से संपर्क किया गया। यदि बिना वैधानिक अनुमति या संस्थान के नियमों का पालन किए ऐसा किया गया है, तो संबंधित अधिकारियों को इसकी जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करनी चाहिए।

**सरकारी राशन की कालाबाजारी का खुलासा**

# 100 कट्टों से भरी गाड़ी पकड़ी, दो हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र में सरकारी पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की सतर्कता से करीब 100 कट्टे सरकारी अनाज से लदी एक संदिग्ध गाड़ी पकड़ी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर जांच शुरू कर दी।**



नगर निगम के एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा 'मामा' ने बताया कि क्षेत्र में सरकारी राशन की हेराफेरी की सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय हुए। मानव अधिकार संगठन से जुड़े तनिष्क चौकसे, बजरंग दल के बाहुबली प्रखंड संयोजक रोहित बढ़वाया, कार्यकर्ता हेमराज यादव और प्रखंड गौरक्षा प्रमुख राहुल राठौर सहित अन्य लोगों ने संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर उसे रोक लिया। वाहन की जांच में करीब 100 कट्टे सरकारी पीडीएस राशन मिलने का दावा किया गया। आशंका है कि इस अनाज को अवैध रूप से ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

वाहन पकड़े जाने के बाद इसकी सूचना गांधी नगर पुलिस और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मौके से वाहन मालिक, जिसकी पहचान बंटी के रूप में हुई है, तथा कथित रूप से राशन के मालिक रामजी गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार विशेष टीम जब्त राशन, वाहन और संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा ने सरकारी राशन की कथित कालाबाजारी का खुलासा करने में सहयोग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया।

# दोस्त को आखिरी कॉल कर युवक ने दी जान

## बोला- परिवार से कह देना, मैं अब नहीं रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा इलाके में एक युवक ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने अपने दोस्त को कॉल कर कहा कि परिवार से कह देना, मैं अब नहीं रहा। इसके बाद वह फंदे पर झूल गया। कुछ देर बाद परिजन घर पहुंचे और युवक को नजदीकी निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**



पुलिस के मुताबिक, विशाल (39) पुत्र मनोहर चौहान, निवासी साईं सुमन नगर, ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के लोगों ने बताया कि विशाल एक निजी कंपनी में काम करता था। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह घर पर ही था। चचेरे भाई अनिल ने बताया कि उनके पास विशाल के दोस्त का कॉल आया था। उस समय वह बाइक चला रहे थे, इसलिए कॉल रिसीव नहीं कर पाए। कुछ देर बाद उन्होंने वापस कॉल किया तो दोस्त ने बताया कि विशाल ने मरने की बात कही है। इसके बाद अनिल ने विशाल के भाई को कॉल किया, लेकिन वह भी घर पर नहीं था। फिर मां को सूचना दी गई। सभी परिजन जब विशाल के कमरे पर पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला। विशाल अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ अलग रहता था। परिजन ने बताया कि उसकी पत्नी करीब दो महीने से एरोड्रम इलाके स्थित अपने मायके में रह रही थी। आशंका है कि पत्नी के घर वापस नहीं आने से वह मानसिक रूप से परेशान था और इसी वजह से उसने यह कदम उठाया। हालांकि, कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। विशाल के परिवार में दो बहनें और एक भाई हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# महिला से चेन लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **मल्हारगंज थाना क्षेत्र में जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही महिला से सोने की चेन लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन भी बरामद कर ली गई है।**

डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि चार दिन पहले सुबह मल्हारगंज क्षेत्र में इंदिरा जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश उनकी सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे। आरोपियों की पहचान रोशन सिंह, सुरेंद्र सिंह और सुखवीर सिंह निवासी आकाश नगर के रूप में हुई है। वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में पता चला कि आरोपी द्वारकापुरी, अन्नपूर्णा और छत्रीपुरा थाना क्षेत्रों से होते हुए मल्हारगंज पहुंचे थे। वारदात के बाद वे इसी रास्ते से वापस द्वारकापुरी क्षेत्र लौट गए। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर द्वारकापुरी पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन बरामद कर ली है। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे पहले भी इस तरह की वारदातों में शामिल रहे हैं या नहीं। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# दो दिनों में 200 किमी साइकिल यात्रा करेंगे जीतू पटवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नीट यूजी की परीक्षा, सीबीएसई एग्जाम में गड़बड़ी पेपर लीक बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर एमपी कांग्रेस इंदौर से भोपाल तक साइक्लोथॉन यानी साइकिल यात्रा निकालने जा रही है। एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद इस पूरी यात्रा का नेतृत्व करते हुए साइकिल चलाते हुए दो दिनों में इंदौर से भोपाल तक का सफर तय करेंगे। 14 जुलाई को सुबह करीब 8 बजे इंदौर के डीएवीवी के करीब RNT (रवीन्द्र नाथ टैगोर) मार्ग से यात्रा शुरू होगी। इंदौर में एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स का यह सबसे बड़ा सेंटर है। कांग्रेस यहां से छात्रों की समस्याओं और सरकार की अव्यवस्थाओं के कारण हो रहे पेपर लीक को लेकर बड़ा संदेश देगी। इंदौर से भोपाल तक रास्ते में पड़ने वाले हर जिले से 500 साइकिल यात्री इस यात्रा में जुड़ेंगे। इंदौर, देवास, सीहोर और भोपाल जिले को मिलाकर दो हजार से ज्यादा साइकिल यात्रियों के साथ जीतू पटवारी भोपाल पहुंचेंगे। इंदौर से लेकर भोपाल तक जीतू पटवारी के साथ आने वाले स्थाई साइकिल यात्रियों की लिस्ट बन रही है। इंदौर के साइकिल रेसर ग्रुप, फिटनेस क्लब के मेंबर्स भी इस यात्रा में साथ आएंगे।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
★★★★★
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

# शराब पिलाने के बहाने मजदूर को ले गए खेत और कर दी हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गौतमपुरा ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस ने एक खेत से मजदूर का शव बरामद किया है। शव पर चोट के कई निशान मिले हैं। फिलहाल पुलिस हत्यारों का पता नहीं लगा पाई है। शव को पत्थरों से कुचला गया है। पुलिस को आशंका है कि आरोपियों ने पहले मजदूर के साथ शराब पी और फिर किसी तात्कालिक विवाद के बाद पत्थरों से उसकी हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त बाबू राठौर के रूप में हुई है। बाबू के भतीजे दीपक ने बताया कि चाचा दो दिन पहले घर से लापता हो गए थे।




वे मजदूरी से लौटने के बाद हर शाम शराब पीने जाते थे। रोज की तरह वे कलाली पर गए, लेकिन लौटकर नहीं आए। सुबह पता चला कि उनका शव एक खेत में पड़ा है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए शराब की दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इनमें बाबू एक अन्य व्यक्ति के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। आशंका है कि उसी व्यक्ति ने बाबू की हत्या की है। बाबू के परिवार में दिव्यांग पत्नी और तीन बच्चे हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि बाबू की किसी से पुरानी रंजिश तो नहीं थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों का सुराग लगाने में जुटी है।

### भोपाल और इंदौर में बनेंगे अत्याधुनिक आईटी पार्क, ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग हब होगा स्थापित

# एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में लगभग 40 हजार करोड़ के निवेश हुए प्राप्त: मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में 51 प्रमुख गतिविधियाँ संपन्न हुई इन गतिविधियों से लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश और 34 हजार से अधिक रोजगार अवसरों का मार्ग प्रशस्त्र हुआ है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 की यात्रा में राज्य सरकार ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है।**

पिछले 2 टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश को 46 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के बाद से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। इस अवधि में 22 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है, जो राज्य सरकार की कार्य गति और आत्मविश्वास का परिचायक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर



के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी क्षमता, योग्यता और बुद्धिमत्ता के आधार पर विश्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत का गौरवशाली अतीत पूरी दुनिया के सामने है और पिछले 12 वर्षों में भारत ने विश्व के सबसे तेज गति से विकसित होने वाले देशों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में दुनिया को नई दिशा दे रहा है और इस विकास यात्रा में मध्यप्रदेश भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कृषि, खनिज और वनों की पारंपरिक पहचान से आगे बढ़ते हुए प्रदेश आज डिफेंस, ड्रोन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से लेकर फ्यूचर ग्रोइंग सेक्टर तक तेजी से प्रगति कर रहा है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश की इसी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इंदौर के सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में 3 एकड़ में अत्याधुनिक आईटी पार्क विकसित किया जाएगा। लगभग 3 लाख वर्ग फीट निर्मित क्षेत्र वाले इस परिसर में जीसीसी, आईटी एवं डिजिटल सेवा कंपनियों के लिए विश्वस्तरीय कार्यालय उपलब्ध कराए जाएँगे। प्रदेश में सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जो कौशल विकास, अनुसंधान, उद्योग सहयोग एवं क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करेगा। भोपाल आईटी पार्क में नया आईटी टॉवर विकसित किया जाएगा, जिससे जीसीसी, आईटी एवं डिजिटल सेवा कंपनियों के लिए अतिरिक्त प्लग-एंड-प्ले कार्यालय उपलब्ध कराए जाएँगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार एआई, डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर सहित सभी छोटे एवं बड़े उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी उद्योग समूहों को समान रूप से हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश साइंस सिटी, एआई, डीप टेक पार्क और डेटा सेंटर सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार एआई सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## झांसी एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजर की हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बैंक की अहम मीटिंग में शामिल होकर झांसी लौट रहे एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजर की रविवार शाम ग्वालियर के सिरोल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में उनकी महिला सहकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हाईवे पर अचानक गाय सामने आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए रॉन्ग साइड चली गई और सामने से आ रहे ट्रक से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। सिरोल थाना पुलिस के अनुसार, झांसी के मसीहागंज निवासी 33 वर्षीय राहुल सैनी, पुत्र रवींद्र सैनी, एचडीएफसी बैंक में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में गुरसराय शाखा में पदस्थ थे। वे 11 जुलाई को बैंक की आवश्यक बैठक में शामिल होने के लिए आगरा गए थे। उनके साथ बैंक कर्मचारी गरिमा माथुर भी थीं।बैठक समाप्त होने के बाद दोनों रविवार शाम झांसी लौट रहे थे।

### स्कूटी की डिग्गी में फन फैलाए बैठा था कोबरा नाग

## रेस्क्यू करते समय सर्प मित्र को डसा, हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा, एजेंसी। स्कूटी की डिग्गी में छिपे खतरनाक और जहरीले कोबरा नाग के रेस्क्यू के दौरान उसने गुस्से से फुफकारते हुए सर्पमित्र को ही डस लिया। मामला एमपी के विदिशा जिले के नेवाली गांव से सामने आया है। शिवम शर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है।**



मानसून की दस्तक के साथ ही जहरीले जीव-जंतुओं और सांपों के निकलने का सिलसिला तेज हो गया है। विदिशा जिले के गंज बासौदा क्षेत्र से एक बेहद हैरान और डरा देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक स्कूटी की डिग्गी में छिपे खतरनाक कोबरा सांप ने रेस्क्यू के दौरान सर्प मित्र को डस लिया। सर्प मित्र की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल विदिशा रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, गंज बासौदा के नेवाली गांव में एक ग्रामीण की स्कूटी खड़ी थी। बरसात का मौसम होने के कारण जहरीला कोबरा सांप छिपने की जगह तलाशते हुए स्कूटी की डिग्गी के अंदर जाकर बैठ गया। जब स्कूटी मालिक ने किसी काम से डिग्गी खोली, तो अंदर फन फैलाए बैठे काले कोबरा को देखकर उसके रोंगटे खड़े हो गए। उसने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय सर्प मित्र शिवम शर्मा को दी। सूचना मिलते ही सर्प मित्र शिवम शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानीपूर्वक स्कूटी की डिग्गी खोलकर कोबरा सांप को बाहर निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन इसी दौरान अचानक कोबरा ने तेजी से हमला कर शिवम शर्मा को डस लिया। सांप के डसते ही मौके पर हड़कंप मच गया। शिवम शर्मा को तुरंत नजदीकी शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। शरीर में जहर फैलने और स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। आखिरी सूचना मिलने तक सर्प मित्र की हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, बरसात के दिनों में बिलों में पानी भर जाने के कारण सांप और अन्य जहरीले जीव सुरक्षित स्थानों की तलाश में बाहर निकल आते हैं। वे अक्सर गाड़ियों के इंजन, डिग्गी, जूतों या घरों के कोनों में छिप जाते हैं। इसलिए वाहन चालू करने या डिग्गी खोलने से पहले अच्छी तरह जांच कर लेना बेहद जरूरी है।

## ट्रैक्टर ने ऑटो को टक्कर मारी, 3 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** जिले के माता बसैया थाना क्षेत्र में पत्थर लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने श्रद्धालुओं से भरे ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में महिला और दो पुरुषों समेत तीन की मौके पर मौत हो गई। मरने वालों में ऑटो ड्राइवर भी शामिल है। ऑटो में कुल 8 लोग सवार थे। 5 लोग घायल हैं। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक ये लोग बानमौर विजय पुरा से माता बसैया के पास स्थित भूमिया बाबा मंदिर दर्शन के लिए गए थे। लौटते समय पारासर की तेवरिया के पास हादसा हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही माता बसैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। माता बसैया थाना प्रभारी विवेक तोमर के अनुसार हादसा सुबह साढ़े 10 बजे हुआ। ड्राइवर को छोड़ ऑटो सवार सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं।

## वक्फ बोर्ड विवाद में पहली बार शिया समुदाय की एंट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड में दो गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति को लेकर चल रहे विवाद में अब पहली बार शिया समुदाय की ओर से भी खुलकर प्रतिक्रिया सामने आई है। करोंद स्थित आल-ए-मोहम्मद शिया जामा मस्जिद के इमाम-ए-जुमा मौलाना सैयद अजहर हुसैन रिजवी ने कहा कि वक्फ की जमीनें और संपत्तियां मुसलमानों की अमानत हैं, इसलिए इनके प्रबंधन में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नए बोर्ड में किसी शिया आलिम या प्रतिनिधि को स्थान नहीं दिया जाना भी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मौलाना रिजवी ने कहा कि वक्फ की जमीनें और जायदादें देश के नवाबों, राजाओं और संपन्न लोगों ने गरीब मुसलमानों की शिक्षा, आवास और सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से दान की थीं। उनका कहना था कि इन संपत्तियों का उद्देश्य हमेशा मुस्लिम समाज की भलाई रहा है, इसलिए इनके संचालन और निर्णय प्रक्रिया में भी मुस्लिम समाज की ही भागीदारी होनी चाहिए।

## एमपी से कहां गया मानसून? एकदम से थम गई बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** एमपी में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्य में मानसून को ऊर्जा देने वाली मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ने से बारिश का दौर थम सा गया है। हालांकि, किसानों और आम जनता के लिए राहत की बात यह है कि बंगाल की खाड़ी में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है, जिससे जुलाई के दूसरे पखवाड़े में प्रदेश भर में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होने की जोरदार संभावना है। पूर्व मौसम वैज्ञानिक शैलेंद्र कुमार नायक के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश के किसी भी हिस्से में भारी या अति भारी बारिश दर्ज नहीं की गई है।

# संपादकीय

## भ्रष्टाचार विरोधी बिल: सत्ता की स्थिरता बनाम नैतिक जवाबदेही

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार रोधी बिलों का मकसद गैर बीजेपी सरकारों को कमजोर करना नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह के मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रस्तावित कानूनों से आरोपी को पद से हटाया जाएगा, मगर उसकी विधायी सदस्यता बनी रहेगी। एमएचए ने प्रस्तावित कानूनों की जांच कर रही संसदीय समिति को बताया कि चूंकि सत्ताधारी पार्टी का विधायी बहुमत प्रभावित नहीं होता है और पद से हटाए गए मंत्री की जगह उसी पार्टी का कोई अन्य सदस्य ले सकता है। गृह मंत्रालय ने विपक्ष के उस आरोप को खारिज कर दिया है कि उसके भ्रष्टाचार-रोधी बिल संघवाद को कमजोर करते हैं और इनका मकसद बीजेपी के प्रतिद्वंद्वियों द्वारा चलाई जा रही राज्य सरकारों को अस्थिर करना है। मंत्रालय ने कहा कि इन प्रावधानों के तहत अगर कोई आरोपी लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहता है, तो उसे पद से हटा दिया जाएगा, लेकिन उसकी विधायी सदस्यता बनी रहेगी। इससे सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आगामी मानसून सत्र में अमित शाह संसद में भ्रष्टाचार के आरोपी प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या मंत्रियों को हटाने वाले बिल को पेश कर सकते हैं। अगर कोई आरोपी लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहता है, तो उसे पद से हटा दिया जाएगा, लेकिन उसकी विधायी सदस्यता बनी रहेगी। इससे सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। एमएचए ने संसदीय समिति को बताया कि पद से हटाए गए मंत्री की जगह उसी पार्टी का कोई अन्य सदस्य ले सकता है। ऐसे में इन बिलों से लोकतांत्रिक जनादेश 'पूरी तरह से अप्रभावित' रहता है। सूत्रों ने बताया कि बिलों में प्रस्ताव है कि अगर पीएम, सीएम या मंत्री गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहते हैं, तो उन्हें खुद ही पद से हटा दिया जाएगा। समिति के आने वाले दिनों में अपनी रिपोर्ट को अपनाने और 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के दौरान इसे लोकसभा में पेश करने की संभावना है। मंत्रालय ने बिलों के मकसद को सही ठहराते हुए कहा कि पीएम, मुख्यमंत्री या मंत्री एक कार्यकारी पद संभालते हैं जो राष्ट्रीय या राज्य के मामलों को प्रभावित करता है। साथ ही लंबे समय तक हिरासत में रहने से इन भूमिकाओं को प्रभावी ढंग से निभाने की उनकी क्षमता में बाधा आती है, जिससे शासन में गतिरोध पैदा हो सकता है। बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति ने एमएचए को भेजे अपने संदेश में विपक्षी दलों सहित कई हितधारकों द्वारा उठाए गए कई मुद्दों की ओर इशारा किया था, जिनका मंत्रालय ने जवाब दिया। इस दावे का जवाब देते हुए कि पद से खुद ही हटाने से चुनावों के माध्यम से व्यक्त जन-इच्छा कमजोर होगी, मंत्रालय ने कहा कि जनादेश न तो पूर्ण है और न ही बिना शर्त, क्योंकि संविधान कई जवाबदेही तंत्र प्रदान करता है जो नए चुनावों के बिना नेतृत्व में बदलाव का कारण बन सकते हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि पीएम-सीएम को हटाने वाले बिल को लेकर कहा कि सत्ता में मौजूद पार्टी या गठबंधन के पास एक नया नेता चुनने का अवसर होता है जिसे बहुमत का समर्थन प्राप्त हो।

Health is Wealth



**सोना हर किसी को पसंद होता है और जब नींद पूरी होती है, तब शरीर में अलग ही एनर्जी होती है। भारत में देर तक सोने वाले लोगों को कई ताने मारे जाते हैं लेकिन ये सेहत के लिए बुरा हो सकता है। ऐसा हम नहीं डॉक्टर का कहना है, चलिए बताते हैं स्लीप शेमिंग के नुकसान और देर तक सोने के फायदे।**

# देर तक सोने वालों को आलसी कहना बंद करें!

भारत में देर तक सोने वाले लोगों को आलसी, जल्दी उठो, रात में क्या कर रहे थे, इतनी देर तक सोने से पाप चढ़ता है- जैसी बातों को सुनना पड़ता है। कई लोगों के घरों पर किसी को जगाने के लिए पंखा बंद कर देना, लाइट जला देना या फिर तेज आवाज में काम या बात करना भी किया जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान है, तो ये आर्टिकल परिवारवालों को जरूर भेजें। ऑर्थोपैडिक सर्जन डॉक्टर मनन वोरा का कहना है कि स्लीप शेमिंग यानी सोने के लिए किसी को शर्मिंदा करना सबसे बड़ी गलती होती है। चलिए आपको विस्तान से बताते हैं आखिर स्लीप शेमिंग क्या है और क्यों देर तक सोना जरूरी होता है।

### क्या होता है स्लीप शेमिंग?

मुंबई के ऑर्थोपेडिक सर्जन, हेल्थ एजुकेटर और न्यूट्रीबाइट वेलनेस के को-फाउंडर डॉ. मनन वोरा ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए वीडियो में बताया कि भारतीय घरों में अनुशासन को देखते हुए लोगों को सुबह ही नींद से जगाने की आदत होती है। स्लीप शेमिंग उसे कहा जाता है, जब आप देर तक सो रहे हो और उसके लिए आपको ताने मिले या फिर जगाने के लिए फालतू की चीजें की जाए। हमेशा से भारतीय घरों में कहा जाता है कि सुबह जल्दी उठना चाहिए और यही सेहत के लिए सही है लेकिन अगर आप देर रात तक काम कर रहे हो तो सुबह देर तक सोना भी जरूरी है। ऐसा करने पर आप आलसी नहीं हो सकते।

## डॉक्टर ने बताया क्यों गलत है 'स्लीप शेमिंग'

### कितने घंटे की नींद होती है जरूरी

सोना सिर्फ नींद पूरी करने की प्रक्रिया नहीं है बल्कि इस दौरान दिमाग और शरीर खुद को रिपेयर करते हैं। व्यक्ति को करीब 6-8 घंटे की नींद जरूरी होती है और अगर कोई देर रात तक पढ़ाई, काम या किसी स्ट्रेस की वजह से जगा है तो सुबह 10-11 बजे तक उठना आलस नहीं बल्कि उसके शरीर की जरूरत हो सकती है। नींद पूरी हुए बिना उठा देना शरीर के लिए थकानभरा हो सकता है।

### नींद पूरी होने के कई फायदे हैं

डॉक्टर वोरा का कहना है कि आराम-हराम है वाली सोच बदलकर नींद पूरी करने दो वाली सोच होनी चाहिए। हर शरीर की अपनी जरूरतें होती हैं और नींद भी उसी में से एक है। किसी की नींद 6 घंटे में ही पूरी हो सकती है, तो वहीं कुछ लोगों को 10 घंटे की नींद चाहिए होती है। चलिए बताते हैं नींद पूरी होने के फायदे क्या हैं-

1. दिमाग रीसेट होता है
2. मूड बेहतर रहता है
3. इम्यून सिस्टम मजबूत होता है
4. नींद पूरी होने के बाद शरीर एक्टिव रहता है
5. निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होती है
6. शरीर की प्राकृतिक रिकवरी प्रक्रिया पूरी होती है



Uttarpradesh

# अयोध्या चढ़ावा चोरी: SIT जांच में एक और खुलासा, AI कैमरे लगवाने की हुई थी सिफारिश, ट्रस्ट ने नहीं लिया संज्ञान

**लखनऊ, (एजेंसी)** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की जांच में एक के बाद एक खुलासे हो रहे हैं। अब पता चला है कि पुलिस की ओर से कई बार ट्रस्ट के पदाधिकारियों को सलाह दी गई थी कि परिसर में एआई कैमरे लगवाए जाएं। साथ ही कुछ चिह्नित संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की दखल बढ़ाई जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके। लेकिन ट्रस्ट के पदाधिकारियों, खासकर चंपत राय और अनिल मिश्रा ने इन सिफारिशों पर ध्यान नहीं दिया। उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया, जिसका अंजाम करोड़ों रुपये की चोरी के रूप में सामने आया।

राम मंदिर देश के सबसे संवेदनशील मंदिरों में शामिल है। इसलिए पुलिस-प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमेशा सतर्क रहता है। यही वजह है कि यहां सीआरपीएफ, एसएसएफ, पीएसी और पुलिस के साथ निजी सुरक्षाकर्मी भी तैनात हैं। करीब ढाई हजार जवानों की तैनाती रहती है। एटीएस की भी एक टीम स्थायी रूप से मौजूद रहती है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने कुछ ऐसे स्थान चिह्नित किए थे, जो बेहद संवेदनशील हैं। वहां ट्रस्ट ने पुलिस की तैनाती नहीं की थी।



इसको लेकर पुलिस की ओर से सुझाव दिया गया था कि इन स्थानों पर पुलिस बल बढ़ाया जाए, जिससे बेहतर तरीके से निगरानी की जा सके। लेकिन पुलिस अधिकारियों की बात ट्रस्ट ने सिरे से खारिज कर दी थी। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी और पुलिस की जांच में ये तथ्य सामने आए हैं। पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी इसकी पुष्टि की है।

Uttarpradesh

## 'वक्फ बोर्ड में हुआ अरबों-खरबों का घोटाला...'

● बरेली के मौलाना का आरोप, सीएम योगी को लिखी चिट्ठी



**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और शिया वक्फ बोर्ड पर वक्फ की जमीनों में बड़े स्तर पर गड़बड़ी और अरबों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। रिजवी ने दावा किया कि वक्फ बोर्ड की सही तरीके से जांच हुई तो राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले से भी बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सिर्फ बरेली में ही वक्फ की जमीनों से जुड़ा करोड़ों और अरबों रुपये का घोटाला हुआ है। उनका कहना है कि सरकार को पूरे मामले की जांच करानी चाहिए, क्योंकि लोगों ने वक्फ की जमीनों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए किया है।

मौलाना ने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीनें गरीब मुसलमानों, महिलाओं, बच्चों, जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की मदद के लिए दी गई थीं। इन जमीनों से होने वाली आमदनी इन्हीं लोगों पर खर्च होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उनका आरोप है कि आज भी गरीब मुसलमान भीख मांगने को मजबूर हैं, जबकि वक्फ की जमीनों से कुछ लोग करोड़ों रुपये का कारोबार कर रहे हैं।

Uttarpradesh

बांदा में बड़ा हादसा

## तालाब में डूबने से 7 और 9 साल की दो सहेलियों की मौत, परिवारों में मचा कोहराम

**बांदा, (एजेंसी)** बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के हस्तम गांव में सोमवार को तालाब में नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अतर्रा क्षेत्र की पुलिस क्षेत्राधिकारी (CO) प्रतिज्ञा सिंह ने बताया कि हस्तम गांव निवासी श्रवण वर्मा की बेटी राधिका (7) और नरैनी क्षेत्र के दिवली गांव निवासी उसके रिश्तेदार शिवशंकर वर्मा की बेटी अंशिका (9) तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गईं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों और परिजनों ने दोनों बच्चियों को बेहोशी की हालत में तालाब से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा पीड़ित परिवार को सरकारी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

Odisha

## पत्नी ने गुस्से में पति के सिर पर दे मारा मोबाइल, चली गई जान

**बलांगीर, (एजेंसी) ओडिशा के बलांगीर जिले में एक युवक की मौत के बाद पारिवारिक विवाद ने नया मोड़ ले लिया है. मृतक के पिता ने अपनी बहू के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि बेटे की मौत से पहले उसे अपनी बेटी से मिलने तक नहीं दिया गया.**

मामला बलांगीर जिले के लक्ष्मीजोर थाना क्षेत्र के चिमिनी भाटीपाड़ा गांव का है. पुलिस के अनुसार, स्वप्नेश्वर मिश्रा को 9 जुलाई को तेज पेट दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हालत बिगड़ने पर उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक के पिता प्रफुल्ल कुमार मिश्रा ने लक्ष्मीजोर थाने में लिखित शिकायत



देकर बहू अनामिका सतपथी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 21 जून को पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के दौरान अनामिका ने स्वप्नेश्वर पर मोबाइल फोन से हमला कर दिया था, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी और टांके लगाने पड़े थे. बाद में यह मामला पुलिस थाने में आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था.

खेल

# भारतीय टीम ने लॉर्ड्स में रचा इतिहास, इंग्लैंड को 270 रन से हराकर दर्ज की यादगार टेस्ट जीत

**लंदन, (एजेंसी)** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने क्रिकेट के 'होम ऑफ क्रिकेट' लॉर्ड्स में इतिहास रचते हुए इंग्लैंड को 270 रन से हराकर पहला महिला टेस्ट अपने नाम कर लिया। यह लॉर्ड्स के 142 साल के टेस्ट इतिहास में पहला मौका था, जब इस प्रतिष्ठित मैदान पर महिला टेस्ट मैच खेला गया और भारत ने इस ऐतिहासिक मुकाबले को शानदार अंदाज में जीतकर यादगार बना दिया। भारत ने चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की दूसरी पारी 186 रन पर समेटते हुए मुकाबला अपने नाम किया। इंग्लैंड को जीत के लिए 457 रन का विशाल लक्ष्य मिला था, लेकिन मेजबान टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। भारत को अंतिम दिन जीत के लिए केवल चार विकेट की जरूरत थी, जिसे उसने पहले ही सत्र में हासिल कर लिया।

ऐतिहासिक जीत से पहले चौथे दिन सुबह भारतीय टीम को एक खास सरप्राइज मिला।



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर बिना किसी पूर्व सूचना के भारतीय ड्रेसिंग रूम पहुंचे और कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज निक नाइट ने प्रसारण के दौरान कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए इससे बड़ा प्रेरणादायक क्षण शायद ही कोई हो सकता था। उन्होंने कहा कि सचिन का इस तरह अचानक टीम के बीच पहुंचना खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को और मजबूत करने वाला पल था। मैच समाप्त होने के बाद सचिन तेंदुलकर ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। आईसीसी चेयरमैन जय शाह भी लॉर्ड्स में मौजूद रहे और उन्होंने भी भारतीय टीम की इस उपलब्धि का साक्षी बने।

भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी केवल 170 रन पर सिमट गई, जिससे भारत को 115 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी 147/7 के स्कोर पर घोषित कर इंग्लैंड के सामने 457 रन का लक्ष्य रखा। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड का स्कोर 130/6 था और चौथे दिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्द ही बाकी चार विकेट भी हासिल कर लिए।

भारत की जीत में तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लेकर लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। दूसरी पारी में स्नेह राणा और दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड की वापसी की सभी उम्मीदें खत्म कर दीं। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक लगाया, जबकि एमी जोन्स ने भी 54 रन बनाए, लेकिन दोनों की पारियां टीम को हार से नहीं बचा सकीं।

भारतीय बल्लेबाजी की सबसे बड़ी स्टार यास्तिका भाटिया रहीं, जिन्होंने दूसरी पारी में 113 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 14 चौकों की मदद से यह उपलब्धि हासिल की और लॉर्ड्स में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनने का गौरव भी प्राप्त किया।

सिनेमा

तारक मेहता

## झूठी है जेठालाल के शो छोड़ने की अफवाह, कायम रहेगा सालों पुराना रिश्ता



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 18 सालों से फैंस के दिलों में राज कर रहा है. कई किरदार ऐसे हैं जो शो की शुरुआत से आज तक बने हुए हैं. ऐसा ही एक नाम जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी का है. जेठालाल के रोल में दिलीप जोशी ने घर-घर पहचान बनाई. सालों बाद खबरें आ रही थीं कि शो में जेठालाल का किरदार खत्म होने वाला है. इस खबर ने फैन्स के बीच खलबली मचा दी थी. हर कोई यही सोच रहा था कि दिलीप जोशी शो को अलविदा कहने वाले हैं. दयाबेन के बाद दिलीप जोशी का शो छोड़ना फैन्स के लिए शो खत्म होने के बराबर था. अगर आप भी जेठालाल की न्यूज सुनकर घबरा गए हैं, तो आपके लिए खुशखबरी लेकर आए हैं. सोशल मीडिया पर जेठालाल के किरदार को लेकर चल रहीं खबरें झूठी हैं. शो के मेकर्स ने आजतक.इन संग बातचीत में बताया कि शो में जेठालाल का किरदार ऑफ ट्रैक नहीं होगा. उन्होंने कहा कि कहानी अभी जेठा भाई पर ही है. इसका लेटेस्ट प्रोमो भी आ गया है. 28 जुलाई को हम शो के 18 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाले हैं. जेठालाल का किरदार शो से खत्म नहीं होगा. यानी जेठालाल के किरदार को लेकर आ रही सभी तरह की खबरें झूठी हैं.

## Highlights

1. Haryana's Pehowa keeps centuries-old family records alive
2. No danger for Muslims & Christians in Hindu Rashtra, our ancestors are same: Baba Ramdev
3. India rejects quick trade deal with US after Washington refuses key demands: Report
4. CJI Kant forms 4 special benches to hear SC's oldest cases: Report
5. T'gana policeman lets 6-yr-old drive car, says 'Preparing for world record'; suspended
6. 2 nurses fall ill after drinking cold drink in Maharashtra, food poisoning suspected
7. If not Delhi, should we go to White House to seek statehood: J&K CM

# Financial planning: Received your Income Tax Refund? Here is how to make the most of it



**NEW DEIHI, (Agency).** July is when most salaried individuals file their Income Tax Returns (ITRs). The last date for filing ITR for individuals who don't need an audit is 31st July 2026. Self-employed individuals usually receive their payments after a TDS of 10% has been deducted. At the time of filing ITR, they can claim any excess TDS, after adjusting for any tax payable, as a refund. Over the years, the Income Tax Department has upgraded its systems to enable faster processing of ITRs and issue of refunds. Have you already received your income tax refund? If yes, or are awaiting it, this article will show you how to make the most of the income tax refund.

### Making the most of the income tax refund for financial planning

Some individuals treat the income tax refund as a bonus. They usually splurge it on the latest gadget/ consumer durable, or plan a vacation or spend it somewhere else. These individuals need to understand that the income tax refund is their own hard-earned money being returned to them, and that they must use it judiciously.

Spending the income tax refund of the above-mentioned things can give instant gratification. But when used judiciously, it can help you in your financial planning journey and in achieving your financial goals faster. You can choose the middle path by using a smaller portion of the income tax refund to purchase an item from your wish list and a larger portion for improving your personal finances.

You can use the income tax refund to improve your personal finances in the following ways.

### 1. Repay high-cost debt

Do you have any high-cost debt, such as credit card outstanding or personal loan(s)? If yes, use the income tax refund to repay it. Credit cards usually charge an interest rate of 3.0% to 3.5% per month on the outstanding balance carried forward. It translates into an interest rate of 36% to 42% per annum, making credit cards one of the most expensive forms of credit. If someone has credit card dues as well as a personal loan, the income tax refund may be used to clear the credit card dues first, and the remaining amount, if any, may be used for personal loan prepayment. Repayment of high-cost debt helps free up cash flow that can then be used for investing towards financial goals.

### 2. Build or boost your existing emergency fund

If you don't have any credit card outstanding or a personal loan, you can use the income tax refund for your emergency fund. An emergency fund comes in handy during events like hospitalisation or other medical emergencies, job loss, salary delays, salary cuts, etc. An emergency fund must have sufficient balance for 3 to 6 months of expenses. If you still don't have an emergency fund, you can use the income tax refund to build and maintain an emergency fund. If you already have an emergency fund, check whether the amount is adequate. If not, use the income tax refund to boost your emergency fund.

### उर्मिला सैनी हत्याकांड में बेटी बोली-

# उसे दर्दनाक मौत दो...फांसी न एनकाउंटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। डाक विभाग में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या के मामले में तीसरे दिन भी मुख्य आरोपी पति की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों, रिश्तेदारों, रहवासियों और डाक विभाग के कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में लोग संयोगितागंज थाने पहुंचे और घेराव करते हुए आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया एवं पुलिस को ज्ञापन सौंपा।**




प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जघन्य वारदात के बाद भी मुख्य आरोपी का फरार रहना चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस से शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। इस बीच पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। मामले की जांच जारी है। प्रदर्शन के दौरान उर्मिला सैनी की बेटी प्रेक्षा ने भावुक होते हुए कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए। उसने कहा कि वह न तो आरोपी का एनकाउंटर चाहती है और न ही केवल फांसी, बल्कि उसे वही दर्द महसूस कराया जाए जो उसकी मां ने सहा था। प्रेक्षा ने बताया कि वह और उसका छोटा भाई सबसे पहले घर पहुंचे थे और उन्होंने अपनी मां को खून से लथपथ हालत में देखा। उसके मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि पहला वार सिर पर किया गया था और मौत होने के बाद भी शरीर पर कई वार किए गए। उर्मिला सैनी के पिता सत्यनारायण मालाकार ने कहा कि आरोपी को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भोपाल स्थित मकान बेचकर उसकी राशि दोनों बच्चों के नाम की जाए। साथ ही उर्मिला की संपत्ति, आर्थिक लाभ और अन्य सभी अधिकार केवल बच्चों को दिए जाएं, आरोपी को किसी प्रकार का लाभ न मिले। सत्यनारायण मालाकार ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। आरोपी उस पर शक करता था, मोबाइल और चैट की निगरानी करता था तथा उसकी आय और एटीएम पर नियंत्रण रखना चाहता था। उन्होंने बताया कि उर्मिला ने भोपाल के निशातपुरा थाने में भी मारपीट और प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन हर बार आरोपी के परिजन समझौता कराकर मामला शांत करा देते थे। उर्मिला के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी के माता-पिता ने हमेशा उसका साथ दिया और उसकी हरकतों पर पर्दा डालते रहे। उनका कहना है कि आरोपी वर्षों तक उर्मिला पर बेबुनियाद शक करता रहा, लेकिन कभी कोई सबूत पेश नहीं कर सका। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हत्या से पहले आरोपी ने उर्मिला की कई योजनाओं और संपत्तियों में स्वयं को नॉमिनी बनवा लिया था। अखिल भारतीय रेल डाक सेवा एवं मेल मोटर सेवा कर्मचारी संघ (वर्ग-3), मध्य प्रदेश सर्किल के नेतृत्व में डाक विभाग की विभिन्न कर्मचारी यूनियनों और समाज के लोगों ने टीआई केपी यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उर्मिला सैनी की नृशंस हत्या पर गहरा शोक और आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई, निष्पक्ष एवं त्वरित जांच, पीड़ित परिवार को सुरक्षा और समुचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही महिला कर्मचारियों की सुरक्षा करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से आग्रह किया कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाए। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द और संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, डाक विभाग के कर्मचारी, स्थानीय नागरिक और पीड़ित परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में उर्मिला सैनी हत्याकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## स्कूली छात्रों के बीच चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रों के बीच विवाद चाकूबाजी तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर शुरू हुई कहासुनी के बाद बंगाली चौराहे पर तीन छात्रों ने 11वीं के छात्र और उसके दोस्तों से मारपीट की। इस दौरान एक छात्र ने दोस्त के पैर पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले रितीश जोशी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह सत्य साईं चौराहे के पास स्थित एक निजी स्कूल का छात्र है। उसका विवाद स्कूल में खो-खो खेल के दौरान दूसरे छात्र रिशीत से हुआ था। रितीश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह स्कूल में टीसी लेने गया था, जहां आरोपी छात्र उसे घूर रहा था। इसके बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उससे मोबाइल नंबर मांगा, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। रविवार शाम रितीश अपने दोस्तों लक्की और यश के साथ बंगाली चौराहे पर था। इसी दौरान आरोपी का संदेश आया कि वह उससे मिलने आ रहा है। रितीश ने अपनी लोकेशन बता दी। कुछ देर बाद आरोपी अपने दो साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और एक आरोपी ने रितीश को थप्पड़ मार दिया। बचाव में रितीश और उसके दोस्तों ने पत्थर फेंके। इसी दौरान आरोपियों में शामिल एक युवक ने चाकू निकालकर रितीश के दोस्त लक्की के पैर पर वार कर दिया। घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल लक्की को उसके साथी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया। पुलिस ने पीड़ितों के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी छात्र और उसके दो साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक